त्रैमासिक परीक्षा - 2024

कक्षा–11वीं

विषय – इतिहास

समय – 3 घण्टे | पूर्णांक–80 अंक

निर्देश:–

1. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
2. प्रश्न क्रमांक 1 से 5 तक 32 वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं। सही विकल्प 06 अंक, रिक्त स्थान 07 अंक, सही जोड़ी 06 अंक, एक शब्द या एक वाक्य में उत्तर 07 अंक एवं सत्य, असत्य 06 अंक, संबंधी प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न हेतु 1 अंक निर्धारित है।
3. प्रश्न क्रमांक 6 से 23 तक में आन्तरिक विकल्प दिए गए हैं।।
4. प्रश्न क्रमांक 6 से 15 तक प्रत्येक प्रश्न के लिए 2 अंक निर्धारित हैं (शब्द सीमा अधिकतम 30 शब्द)
5. प्रश्न क्रमांक 16 से 19 तक प्रत्येक प्रश्न के लिए 3 अंक निर्धारित हैं (शब्द सीमा अधिकतम 75 शब्द)
6. प्रश्न क्रमांक 20 से 23 तक प्रत्येक प्रश्न के लिए 4 अंक निर्धारित हैं (शब्द सीमा अधिकतम 120 शब्द)
7. प्रश्न क्रमांक 23 मानचित्र आधारित प्रश्न है।

प्रश्न .1 सही विकल्प चुनकर लिखिए– (1X6 = 6)

(i) मेसोपोटामिया की सभ्यता किस नदी के किनारे विकसित हुई थी ?

(अ) नील नदी (ब) सिन्धु नदी (स) दजला–फरात नदी (द) अमेजन नदी

(ii) लेखन कला का अविष्कार सर्वप्रथम किया–

(अ) मेसोपोटामियन ने (ब) यूनानियों ने (स) रोमन ने (द) इनमें से कोई नहीं

(iii) 'ओल्ड टेस्टामेंट' किस पुस्तक का महत्वपूर्ण भाग है जिसमें मेसोपोटामिया सभ्यता का उल्लेख कई संदर्भों में मिलता है।

(अ) कुरान (ब) 'जेंद अवेस्ता' (स) बाइबिल (द) गीता

(iv) यायावर का क्या अर्थ है ?

(अ) योद्धा (ब) कृषक (स) पशुपालक (द) घुमक्कड़

(v) कुरिलताई क्या थी ?

(अ) मंगोलो की सैन्य टुकड़ी (ब) मंगोलों की युद्ध रणनीति
(स) मंगोलों की संचार व्यवस्था (द) मंगोल सरदारों की परिषद

(vi) चंगेज खान का मूल नाम क्या था ?

(अ) तेमुजिन (ब) युसुफजई (स) जोची (द) मोंके

प्रश्न 2. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए – (1X7 = 7)

(i) मेसोपोटामिया की कीलाकार लिपि को ......................ने सबसे पहले पढ़ा था।

(ii) राजा जिमरीलिम का राजमहल ......................में स्थित था।

(iii) असीरियाई शासक...................... ने अपनी राजधानी निनवै में एक पुराकालीन पुस्तकालय की स्थापना की थी।

(iv) मेसोपोटामिया की सबसे पुरानी ज्ञात भाषा .............................. थी।

(v) चंगेज खाँ ने अपने चारों पुत्रों के अधीन नयी सैनिक टुकड़ियाँ बनाई थी जिन्हें.................कहा जाता था।

(vi) मंगोल शासन में संचार और सुरक्षित यात्रा के लिए व्यापारी.................नामक कर अदा करते थे।

(vii) .................मंगोल जनजाति की ही प्रथागत परंपराओं का संकलन था जिसे मंगोलों ने चंगेज खां की विधि संहिता कहा।

प्रश्न 3 सही जोड़ी बनाइये– (1X6 = 6)

| (अ) | (ब) |
|---|---|
| 1. कुबलई खांन (महान खान) का राज्यारोहण | (a) सुमेरिया |
| 2. चंगेज खान की मृत्यु | (b) 1206 ई. |
| 3. तेमुजिन, मंगोलो का सार्वभौम शासक | (c) 1227 ई. |
| 4. गिल्गेमिश | (d) 1260 ई. |
| 5. सारगोन | (e) महाकाव्य |
| 6. असुर बनिपाल | (f) असीरिया |

प्रश्न 4 एक शब्द या वाक्य में उत्तर दीजिए – (1X7= 7)

1. कीलाकार लिपि के अक्षरों को किस वर्ष में पहचाना व पढ़ा गया ?
2. 'षट्दशिमक प्रणाली' किस सभ्यता से सम्बन्धित है ?
3. विश्व में शहरी जीवन की शुरूआत कहाँ हुई थी ?
4. मंगोल सेना की सबसे बड़ी सैन्य [illegible]ई को क्या कहा जाता था।
5. मंगोल मध्य एशिया के किस क्षेत्र[illegible]वासी थे ?
6. चंगेज खान का जन्म कब और कहाँ हुआ था ?
7. चंगेज खान के पिता येसुजेई किस कबीले के मुखिया थे ?

प्रश्न 5 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर सत्य/असत्य में लिखिए। (1X6 = 6)

1. उरुक नगर, मेसोपोटामिया के सबसे पुराने मन्दिर नगरों में से एक था।
2. कुम्हार का चाक हड़प्पा सभ्यता की देन है।
3. आधुनिक ईरान को पूर्व में मेसोपोटामिया के नाम से जाना जाता था।
4. मंगोलों की हरकारा पद्धति का संबंध राजस्व व्यवस्था से था।
5. मार्कोपोलो ने मंगोल राजदरबार का यात्रा वृतांत लिखा।
6. जोची ने सुनहरा गिरोह (Golden norde) का गठन किया ।

अति लघुउत्तरीय प्रश्न–

प्र. 6 मेसोपोटामिया की सभ्यता किन–किन सभ्यताओं से मिलकर निर्मित हुई है ? 2

अथवा

मेसोपोटामिया शब्द का क्या अर्थ है ? यह शब्द किस भाषा से बना है ?

प्र. 7 'गिल्गेमिश' महाकाव्य की रचना कब की गई थी ? इसे कितनी पट्टिकाओं पर रचा गया था ? 2

अथवा

मेसोपोटामिया के समाज में एकल परिवार से क्या तात्पर्य है ?

प्र. 8 मेसोपोटामिया की सभ्यता किस लिए प्रसिद्ध है ? 2

अथवा

कीलाकार लिपि का विकास किन लोगों द्वारा किया गया ?

प्र. 9 जिगुरात से आप क्या समझते हैं ? 2

अथवा

असुरबनिपाल का शासन कब से कब तक रहा ? उसकी राजधानी का नाम भी लिखिए।

प्र. 10 क्यूनीफार्म (कीलाकार) का अर्थ बताइए ? 2

अथवा

ओल्ड टेस्टामेंट' से क्या आशय है ।

प्र. 11 कुबकुर क्या है ? 2

अथवा

'यास' से क्या आशय है।

प्र. 12 'बर्बर' शब्द का अर्थ स्पष्ट कीजिए। 2

अथवा

'तुमन' से क्या अभिप्राय है ।

प्र. 13 मंगोल कौन थे 2

अथवा

'कुरिलताई' के विषय में आप क्या जानते हैं ।

प्र. 14 मंगोल इतिहास में सन् 1206 ई. क्यों महत्वपूर्ण है ? 2

अथवा

कुबलई खां कौन था ?

प्र. 15 मंगोल साम्राज्य के पतन के दो कारण लिखिए। 2

अथवा

'सिल्क रूट' या रेशम मार्ग किसे कहते हैं ?

लघुउत्तरीय प्रश्न

प्र. 16 मेसोपोटामिया सभ्यता के सामाजिक जीवन पर प्रकाश डालिए। 3

अथवा

मेसोपोटामिया सभ्यता के आर्थिक जीवन पर प्रकाश डालिए।

प्र. 17 'वार्काशीर्ष' पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए। 3

अथवा

'उर नगर' की तीन विशेषताएँ लिखिए।

प्र. 18 मंगोलों की हरकारो पद्धति को समझाइए। 3

अथवा

चंगेज खां द्वारा स्थापित नोयान व्यवस्था को समझाइए।

प्र. 19 याल उलूसों का गठन कैसे हुआ ? 3

अथवा

स्टेपी क्षेत्रों में प्रचलित पुरानी दशमलव पद्धति क्या थी ?

विश्लेषणात्मक प्रश्न

प्र. 20 मंगोलों के लिए व्यापार क्यों इतना महत्वपूर्ण था ? 4

अथवा

चंगेज खान और मंगोलों का विश्व इतिहास में क्या स्थान है ? स्पष्ट कीजिए।

प्र. 21 आप यह कैसे कह सकते हैं कि प्राकृतिक उर्बरता तथा खाद्य उत्पादन के उच्च स्तर ही आरंभ में शहरीकरण के कारण थे ? 4

अथवा

आप ऐसा क्यों सोचते हैं कि पुराने मंदिर बहुत कुछ घर जैसे ही होंगे ?

प्र. 22 यह कहना क्यों सही होगा कि खानाबदोश पशुचारक निश्चित रूप से शहरी जीवन के लिए खतरा थे ? 4

अथवा

चंगेज खां ने यह क्यों अनुभव किया कि मंगोल कबीलों को नवीन सामाजिक और सैनिक इकाइयों में विभक्त करने की आवश्यकता है ?

प्र. 23 दिए गए मानचित्र में निम्नलिखित में से किन्हीं चार स्थानों को पहचानकर उनके नाम लिखिए। (नोट — मानचित्र पूर्तिकर मानचित्र को उत्तर पुस्तिका में संलग्न करें) 4

(i) मेसोपोटामिया सभ्यता से जुड़ी एक नदी

(ii) शहरी जीवन की शुरूआत

(iii) राजा जिमरीलिम के राजमहल का स्थान

(iv) यायावरी आक्रमण से बचने हेतु महत्वपूर्ण रक्षा प्राचीर

(v) ओगोदई (महान खान) की राजधानी

(vi) चंगेज खां द्वारा चघताई को दिया गया क्षेत्र